आप से । अगर सरदार साहब को कोई सुविधा हो जाती है, तो आखिर को वह मेरे दोस्त हैं, एक साथ बैठते हैं ।

श्री मधु लिमये : उनकी बात सुनने के बाद मुलतवी रखा जाय ।

अध्यक्ष महोदय : फिर किस दिन चाहते हैं, उस दिन रख लेता हूं ।

डा० राम मनोहर लोहिया : क्यों सरदार साहब ? ठहरिये, एक सेकेण्ड मैं पूछ लूं ।

अध्यक्ष महोदय : आप ही कह दीजिये, उन्होंने कह दिया है ।

Shri Kapur Singh: I have made a submission that as this is of a legal and technical nature, Members should be allowed some time.

Mr. Speaker: How much time, I am asking.

डा० राम मनोहर लोहिया : आप मंगलवार को रख सकते हैं, क्योंकि हम में से कुछ चले जायेंगे ।

Mr. Speaker: After the debate on the no-confidence motion, we will take it up.

डा० राम मनोहर लोहिया : अगर आप चाहते हैं कि मैं भी इस बहस हिस्सा लूं तो थोड़ा सी इनायत करें कि मुझे दिन बता दें, क्योंकि मुझे भी इधर-उधर जाना पड़ता है ।

अध्यक्ष महोदय : बार बार आप ही से पूछ रहा हूं, आप बताइये ।

डा० राम मनोहर लोहिया : अगर आप रख सकें तो अगले वीक को रख लें, आप सोच लें और मुझे बता दें ।

—

13.20 hrs.

ELECTRICITY (SUPPLY) AMENDMENT BILL—*contd.*

Mr. Speaker: The House will now take up further consideration of the following motion moved by Dr. K. L. Rao on the 27th July, 1966, namely:—

> "That the Bill further to amend the Electricity (Supply) Act, 1948, be taken into consideration."

The Minister of State in the Ministry of Irrigation and Power (Dr. K. L. Rao): I have done, yesterday.

Mr. Speaker: Then there is an amendment by Shri Nambiar, to refer the Bill to a Select Committee.

Shri Nambiar (Tiruchirapalli): Yes, Sir. I beg to move:

> "That the Bill be referred to a Select Committee consisting of 12 members namely: Shri Bhagwat Jha Azad, Shri Bibhuti Mishra, Shri N. Dandeker, Shri Hari Vishnu Kamath, Shri Jaganath Rao, Dr. K. L. Rao, Dr. L. M. Singhvi, Shri U. M. Trivedi, Shri R. Umanath, Shri K. K. Warior, Shri Yashpal Singh and Shri Ananda Nambiar, with instructions to report by the last day of the first week of next session." (19)

Mr. Speaker: Both the motions are before the House.

श्री विभूति मिश्र (मोतिहारी) अध्यक्ष महोदय, मैंने एक अमेंडमेंट भेजा है ।

अध्यक्ष महोदय : क्या आपका अमेंडमेंट सर्कुलेशन के लिये है ।

श्री विभूति मिश्र : मैंने बिल में अमेंडमेंट भेजा है ।

अध्यक्ष महोदय : तब क्या आपने सेलेक्ट कमेटी के लिये अमेंडमेंट भेजा है ?

श्री विभूति मिश्र : जी नहीं, क्लाज के ऊपर है ।

अध्यक्ष महोदय : तब वह तो बाद में आयेगा जब कि क्लाजज लेंगे ।

श्री विभूति मिश्र : इसके लिये कितना समय दिया गया है ।

अध्यक्ष महोदय : इसके लिये 4 घंटे रखे गये हैं जिसमें से 15 मिनट हो चुके हैं । 3 घंटे और 45 मिनट और बाकी रहते हैं ।

श्री बड़े (खारगौन) : अध्यक्ष महोदय, यह बिजली (संभरण) संशोधन विधेयक जो हाउस के सामने आया है उसके बारे में मझे तीन या चार बातें कहनी हैं । इस बिल में कहा गया है कि पहले जहां पर किसी भी स्कीम को घोषित करने का नियम था उस की जगह पर इसको अमेंड किया जा रहा है कि अगर कोई भी स्कीम 25 लाख रु० की या इससे कम की हो तो उसको पब्लिश करने की कोई जरूरत नहीं है । उसको वेस्टफुल और अन-निसेसरी बतलाया गया है । पेज 15 पर लिखा गया है कि :

> "In accordance with the procedure laid down in the Act in respect of sanctioning of these schemes by the State Electricity Board, all schemes are required to be published in the Official Gazette and local newspapers twice; first as draft schemes, and again as sanctioned schemes. This procedure has been found to be wasteful and unnecessary in the case of small schemes. Provision has, therefore, been made in the Bill to provide that schemes costing up to Rs. 25 lakhs need not be published at all."

दि अ इंडिया हुंज डान्ड अ न दि अंन कि इसकी जरूरत नहीं है । इसके बारे में मुझे बड़ी आपत्ति है । एक आपत्ति तो यह है कि 25 लाख रु० की जो स्कीम होगी या उसके नीचे की होगी उसको पब्लिश करने की आवश्यकता सरकार नहीं समझती । उसका कहना है कि यह वेस्टफुल और अननिसेसरी है । मैं समझता हूं कि यदि 1 करोड़ रु० या 25 लाख रु० के ऊपर की स्कीम को पब्लिश करना वेस्टफुल नहीं है तो 25 लाख के नीचे की स्कीम को भी पब्लिश करना वेस्टफुल नहीं है । आज हमारे यहां ब्यूरोक्रैसी का राज्य चल रहा है और बोर्ड में उनकी मनमानी चलती है । वह लोग सोचते हैं कि 25 लाख और उससे ऊपर की स्कीम को तो पब्लिश करना होगा और 24 लाख की स्कीम को पब्लिश करना नहीं होगा । इसलिए वह कम की स्कीम रख देंगे । उसके बाद अगर स्कीम में कुछ कमी पड़ेगी तो 2 या 3 लाख रु० और मांग लेंगे । नतीजा यह होगा कि 24 लाख की स्कीम की जगह वह 27 या 30 लाख की स्कीम हो जायेगी । जिस तरह से चम्बल योजना पहले 9 करोड़ की थी लेकिन होते होते वह 90 करोड़ की हो गई । इसी तरह से हर स्कीम को पहले कम रुपये की बताया जाता है उसके बाद कह दिया जाता है कि इसमें कुछ बातें बाकी रह गई हैं, खर्च बढ़ गया है, मजदूरी बढ़ गई है, मशीनरी की कीमत ज्यादा बढ़ गई है, इस वास्ते यह स्कीम ज्यादा की हो गई । इस लिए जो आप ने बतलाया कि 25 लाख की स्कीम जो होगी उस को पब्लिश करना वेस्टफुल और अननिसेसरी है, यह ठीक नहीं है क्योंकि उसका दाम बढ़ जायेगा । फिर अगर 25 लाख की स्कीम वेस्टफुल और अननिसेसरी है तो फिर 26 लाख की स्कीम वेस्टफुल कैसे नहीं होगी । आज हम देख रहे हैं कि सन् 1948 से जो एलेक्ट्रिसिटी विभाग चल रहा है उस में आज तक अन-निसेसरी खर्च बढ़ता गया है । लेकिन आज एक दम से दिमाग में यह बात आ गई है कि 25 लाख और इस से कम की स्कीम को पब्लिश करना वेस्टफुल और अननिसेसरी है । मैं समझता हूं कि इन स्कीम्स को पब्लिश न करने का कोई कारण नहीं हो सकता है और उन का घोषित करना वेस्टफुल और अन-निसेसरी नहीं है ।

इस में एक और महत्वपूर्ण बात है। इंडियन लिमिटेशन ऐक्ट के मुताबिक अगर कोई लाइसेंसी कम्पनी किसी प्राइवेट इंडिविजुअल से टेक ओवर करती थी तो उसका जो कर्जा होता था उस के लिये केवल तीन साल का लिमिटेशन था। लेकिन अब इस विधेयक में यह संशोधन लाया जा रहा है कि यदि किसी प्राइवेट कम्पनी से एलक्ट्रिसिटी बोर्ड लेता है या गवर्नमेंट लेती है और उस कम्पनी का किसी दूसरी कम्पनी पर लेना हुआ या किसी प्राइवेट आदमी पर हुआ तो अब उसके लिये 60 साल का लिमिटेशन पीरियड शुरू होगा। मैं कहता हूं कि यह बहुत बड़ा अन्याय है। जो हमारे सिविल राइट्स हैं, जिसके लिये सिविल प्रोसीजर कोड बनाया गया है, जिस में कि लिमिटेशन ऐक्ट भी है, उस में यह प्राविजन किया गया है कि किसी प्राइवेट कम्पनी से टेक ओवर करता है एलेक्ट्रिसिटी बोर्ड तो उस पर साठ साल का लिमिटेशन लागू होगा। आखिर यह कौन सा जूरिस्प्रूडेंस है कि जिस कर्जे पर तीन साल की मर्यादा थी उसको बोर्ड के द्वारा लेने पर साठ साल किया जा रहा है, जिसके लिये ऐसा मान लिया जायेगा कि यह गवर्नमेंट मान है। यह बात बिल्कुल अन्याय की है।

दूसरी बात रिट्रास्पेक्टिव की है। लेकिन आपने सुझाव दिया है कि रिट्रास्पेक्टिव नहीं होना चाहिये।

इस के बाद इस ऐक्ट में यह था कि कोई भी पार्लियामेंट का मेम्बर वहां से हटने के बाद एक साल तक एलेक्ट्रिसिटी बोर्ड का मेम्बर नहीं बन सकता था। लेकिन अब इस चीज को विधेयक में से हटाया जा रहा है। गवर्नमेंट शायद समझती है कि पार्लियामेंट के जो मेम्बर होते हैं वह अक्ल का ठेका लेकर आते हैं, वह होशियार लोग होते हैं। मगर ऐसी बात नहीं है। पार्लियामेंट के बाहर भी ऐसे व्यक्ति हैं जो हम से ज्यादा होशियार हैं। आज जो इस में यह लिखा हुआ था कि जो पार्लियामेंट का मेम्बर नहीं रहता है वह एक साल तक बोर्ड का मेम्बर नहीं बन सकता उस प्राविजन को इसमें से निकाला जा रहा है। अगर कोई पार्लियामेंट का मेम्बर आज है और अगले एलेक्शन में हार जाता है तो उसी साल वह एलेक्ट्रिसिटी बोर्ड का मेम्बर बन सकता है। मैं इस के मतलब को समझता हूं। कांग्रेस पक्ष के पास कुछ मुहरे रहते हैं। कोआपरेटिव सोसायटीज के डाइरेक्टर्स रहते हैं बैंक के डाइरेक्टर्स रहते हैं उन में जो भी नामिनेट होते हैं वे कांग्रेस पार्टी के होते हैं। अगर उन को शंका हो गई कि कोई जन संघ का मेम्बर आ गया तो उस को निकाल दिया जाता है। मैं ने मध्य प्रदेश में देखा हुआ है कि हमारे यहां के आदमी को बैंक से निकाला गया और कांग्रेस के एक्स एम० एल० ए० जो कि एलेक्शन में हार गये थे उन्हें डाइरेक्टरों के बोर्ड पर रक्खा गया, बिना किसी वजह के। मैं ने कल पत्र लिखा है कि यह हमारे साथ डिस्क्रिमिनेशन है, लेकिन वह कहते हैं कि उनको जवाब देने की जरूरत नहीं है। कोई रीजन नहीं है कि पार्लियामेंट के मेम्बर को इसके बारे में बतलाया जाये। यह प्राविजन सिर्फ इसलिये रक्खा जा रहा है कि जो उनके मुहरे होते हैं उनको एलेक्ट्रिसिटी बोर्ड पर उन को लेना पड़ता है। चूंकि उन मुहरों को एलेक्शन के लिये टिकट नहीं मिलता है इसलिये उनको नाराजगी होती है चूंकि उनको नाराजगी होती है इसलिये उनको सांत्वना देने के लिये इस प्राविजन को इस में से निकाल दिया गया है ताकि जो एम० पी० एलेक्शन में हार जायें या जिन की पार्लियामेंट को जरूरत नहीं है उन को एलेक्ट्रिसिटी बोर्ड पर रखा जाये।

इस विधेयक में मैं एक और चीज देखता हूं कि हर एक प्रदेश में अलग अलग बिजली

[श्री बड़े]

के रेट्स हैं। मद्रास में रेट्स सब से कम हैं. हमारे यहां सब से ज्यादा हैं।

13.28 hrs.

[SHRI SHAM LAL SARAF *in the Chair*]

अगर कभी चम्बल में पानी की कमी हो जाती है तो कारखाने वगैरह बन्द हो जाया करते हैं क्योंकि पावर कट हो जाया करता है कंज्यूमर्स जो होते हैं उन की बिजली भी कम कर दी जाती है। अगर 50 प्रतिशत कट हो गया तो भी हम को मिनिमम पैसा देना पड़ता है। यह तो छोड़िये जब मैं यहां रहता हूं और बिजली का इस्तेमाल भी नहीं करता हूं तब भी मुझको 4 रु० का मिनिमम खर्च देना ही पड़ता है। चार रुपये उसको देने पड़ते हैं जबकि वह दो रुपये की बिजली भी खर्च नहीं करता है। इसका कारण यह है कि आपने रूल बना रखा है कि मिनिमम उसको देना ही पड़ेगा। हजारों बार इसके बारे में शासन को लिखा जा चुका है कि मिनिमम देने के लिये मजबूर नहीं किया जाना चाहिये लेकिन इसकी तरफ कोई ध्यान ही नहीं दिया गया है। वह अपने इंजिन के पास रात को अंधेरे में जाता है तो उसको कहीं सांप या बिच्छू न काट खावे या शेर उसको न खा जाये इनसे अपना बचाव करने के लिये उसने अगर अपने कुएं पर एक बिजली का टिमटिमाता हुआ बल्ब लगा लिया तो उसको कहा जाता है कि तुमने इलैक्ट्रिफाई कर लिया है और तुम पूरा चार्ज दो। यह और इस तरह की कई दूसरी इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड की मनमानियां चलती हैं। अगर उसने एक छोटा सा बल्ब इसके लिये लगा लिया है और इस कारण से उस पर पूरा चार्ज लगा देना और जो कमेंशन उसको मिलता है वह भी न देना उस के साथ अन्याय करना है। यह ठीक नहीं है।

जो पावर पम्प लगाये भी गये हैं बिजली के अभाव में, पावर के अभाव में बेकार पड़ हुए हैं। वैल्ज को इलैक्ट्रिफाई नहीं किया जा रहा है। पम्प वे किसी तरह से ले आते हैं तो पावर का पता नहीं। इधर पावर का पता नहीं है और उधर भगवान ने पिछले साल पानी नहीं बरसाया। इधर पावर का पता नहीं और उधर पानी का पता नहीं। ऐसी अवस्था में एग्रिकल्चर को कैसे तरक्की दी जा सकती है। रेट भी आप कम नहीं करते हैं। ये सब जो चीजें हैं इनकी तरफ आपका ध्यान जाना चाहिये।

हिन्दुस्तान में पांच लाख से ऊपर गांव हैं। मैं आप से जानना चाहता हूं कि कितने गांव आपने इलैक्ट्रिफाई किये हैं। नब्बे करोड़ रुपया आपने चम्बल पर खर्च किया। इतना खर्च करने के बाद भी आप बतायें मध्य प्रदेश में आप ने कितने गांवों को बिजली दी है। मैं समझता हूं कि 25 हजार या 26 हजार गांव ही इलैक्ट्रिफाई हुए हैं। इतने ही पांच लाख में से मैं समझता हूं इलैक्ट्रिफाई हुए हैं। बाकी बिना बिजली के ही पड़ हुए हैं।

आप ने जय जवान, जय किसान का नारा दिया है। मैं समझता हूं कि जय किसान का नारा तो आप ने वोट लेने के लिए दिया है और जय जवान का नारा उनको आप ने लड़ने के लिए दिया है। आप बिजली के रेट्स बढ़ाते जाते हैं। किसान को किन किन तकलीफों का सामना करना पड़ता है शायद यह आपको पता नहीं है। उसको बिजली लेने के लिए कितने चक्कर काटने पड़ते हैं शायद यह मंत्री महोदय को पता नहीं है। मैं उनको बतलाना चाहता हूं कि मैं अपने गांव में तथा आसपास के गांवों में बिजली लेना चाहता था,

वहां के लोग बिजली लेना चाहते थे, इलैक्ट्रिफाई करना चाहते थे । यह अंदाजा लगाया गया कि बाईस कुएं होने चाहियें । इसके बाद सवाल गारंटी का पैदा हुआ कि वह देनी चाहिये । गारंटी के बाद वह स्कीम जबलपुर गई । फिर यह हुआ कि चारसौ मजदूर जबलपुर जायेंगे । वहां से इंदौर जायेंगे । इंदौर से फिर जबलपुर जायेंगे । ऐसा करते करते एक सीजन निकल गया । दूसरा सीजन आया तो उनको बता दिया गया कि प्लान में आप के गांव के लिए बिजली नहीं है दूसरे गांवों को बिजली दी जायेगी । इस तरह से काश्तकार एक जगह से दूसरी जगह ठोकरें खाता फिरता है, एक दरवाजे से दूसरे दरवाजे भटकता फिरता है, धक्के खाता फिरता है लेकिन उसको बिजली नहीं मिलती है । मैं समझता हूं कि यह जो बिल आया है इसके फलस्वरूप आपने काश्तकार को सस्ती दर पर बिजली दी तो आपकी बड़ी मेहरबानी होगी । एग्रिकल्चरिस्ट को आप ने जितनी पावर दी है, जितनी बिजली दी है और जितनी देंगे अगर वह आप ने सस्ते दर पर दी तो जनता आप को धन्यवाद देगी । लेकिन यह जो अमेंडमेंट आप लाये हैं कि पच्चीस लाख वाली का डेक्लेरेशन हो इसका मैं और विरोध करता हूं । मुझे इस में कुछ दाल में काला मालूम पड़ता है, इस में मुझे कुछ गड़बड़ी मालूम पड़ती है । पच्चीस लाख ही आपने क्यों किया है, पचास लाख क्यों नहीं किया, दस लाख या पंद्रह लाख क्यों नहीं किया .

सभापति महोदय आप फिर वही आर्गुमेंट दे रहे हैं ।

श्री बड़े : मैं समाप्त कर रहा हूं । पच्चीस लाख क्यों रखा यह मैं समझ नहीं पाया हूं । आप के मन में कोई स्कीम है, कोई बात है जो आप पच्चीस लाख रख रहे हैं ।

इन शब्दों के साथ मैं इसका विरोध करता हूं और सिवाय दो चार एमेंडमेंट्स के बाकी तमाम एमेंडमेंट्स इनके गलत हैं । मैं समझता हूं कि यह जो इनका कदम है यह आगे ले जाने वाला कदम नहीं है, पीछे ले जाने वाला कदम है ।

श्री यमुना प्रसाद मंडल (जयनगर) : सभापति महोदय, इस मौके पर हमारे विद्युत् मिनिस्टर साहब एक इम्पार्टेंट बिजली संभरण एमेंडमेंट बिल लाये हैं । यह सोशलिस्टिक पैटर्न की तरफ ले जाने की दिशा में एक कदम सिद्ध होगा । इसमें इन्होंने कहा है :

> Few amendments are also proposed to tighten the control over the financial operations of private licensees.

मंत्री महोदय ने कहा था कि 214 लाइसेंसीज हैं जिन के अपने एंटरप्राइज (विद्युत्) है । स्वराज्य के बाद हमने देखा है कि आठ सौ के करीब देशी राजाओं को, उनकी रियासतों को आपने खत्म किया और एक नये हिन्दुस्तान का आपने निर्माण किया । उसी तरह से अब रूरल इलैक्ट्रिफिकेशन (साम्य विद्युतकरण) के सिलसिले में एक नया चैप्टर हमारे डा० राव साहब जोड़ने जा रहे हैं इस बिल के पीछ । छठे शैड्यूल में उन्होंने चाहा है कि 1910 का जो विद्युत् एक्ट है उसको अच्छ संशोधित ढंग से लागू किया जाए । यह कहा गया है :

> The licensee shall so adjust his rates for the sale of electricity whether by enhancing or reducing them that his clear profit in any year of account shall not, as far as possible, exceed the amount of reasonable return:

श्री हुकम चन्द कछवाय (देवास) : सभापति महोदय, हाउस में कोरम नहीं है ।

सभापति महोदय : मन्डल साहब आप तशरीफ रखिये । कोरम चैलेंज किया गया है । घंटी बज रही है । कोरम हो गया है माननीय सदस्य अपना भाषण जारी रखें ।

श्री यमुना प्रसाद मंडल : मैं यह कह रहा था कि इस विद्युत (संभरण) बिल छटे शैडयूल में मंत्री महोदय ने एक बड़ी अच्छी एमेंडनेंट लाने की कोशिश की है । यह जो 1910 का कानून है यह बहुत पुराना है । बार बार यहां कहा गया है कि इस देश के प्रायः अस्सी प्रतिशत लोग गांवों में रहते हैं और और करीब पांच लाख साठ हजार हमारे देश में गांव हैं । यह भी कहा गया है और विद्युत मंत्री महोदय ने भी इसको माना है कि बिना गांव में बिजली पहुंचाये कृषि की उन्नति नहीं हो सकती है । ऐसी हालत में इस तरह की संशोधित बिल (विद्युत) एमेंडमेंन्ट का लाना बहुत लाजिमी था । लेकिन मैं माननीय डा० राव को बतलाना चाहता हूं कि विद्युतीकरण के सम्बन्ध में हमारा देश बहुत पिछड़ा हुआ है । दूसरे देश हम से बहुत आगे बढ़े हुए हैं । अमरीका को आप देखें । वहां जून 30, 1962 तक 87·7 प्रतिशत फार्म्स को बिजली दी जा चुकी थी । 1975 तक उनका कहना है कि इसको बहुत बढ़ा दिया जाएगा। रशिया के साथ अगर आप अमरीका का मुकाबला करें तो आपको पता चलेगा कि अमरीका उससे भी बहुत आगे बढ़ा हुआ है । एक अमरीकी किसान करीब करीब 26 अमरीकियों को खिलाता है । यह सब बिजली की वजह से ही है । जितना रशिया में बिजली का कंजम्पशन है उससे तिगुना अमरीका में है । हम जबकि चाहते हैं कि अनाज के मामले में आत्म निर्भर हो जायें और हम चाहते हैं कि हमारी कृषि काफी उन्नति करे तो उसके लिए ऐसे संशोधन की बहुत सख्त जरूरत थी इस मंत्रालय ने बार बार कहा है कि 2अक्तूबर 1969 तक देश के एक लाख गावों को बिजली दे देंगे दो अक्तूबर 1969 को महात्मा गांधीकी शताब्दी है । यदि आप इस में सफल हो गए तो यह एक बहुत बड़ा काम आप कर देंगे । यदि हम दो अक्टूबर 1969 तक प्रायः एक लाख गांवों में बिजली पहुंचना चाहते हैं तो मैं आपको बता देना चाहता हूं कि ऐसा करने के लिए हमारे पास बहुत ही कम समय बाकी है । दो ढाई साल ही हमारे पास हैं । प्राइवेट कम्पनियों को खत्म करने के लिए आपने एक सुन्दर सुझाव रखा है जिसका मैं अनुमोदन करता हूं । मैं इस सुझाव का हार्धिक समर्थन करता हूं । लेकिन आपको पता होना चाहिये कि ये 214 लाइसेंसीज़ बिजली कम्पनियां कैसे हैं । अभी हमारे मित्र ने बताया है कि वे मनमाने ढंग से काम कर रहे हैं । मैं बिहार की दो चार कम्पनियों के बारे में जानता हूं । जिन कम्पनियों को बिहार इलैक्ट्रिसिटी बोर्ड ने नोटिस दिया है उन में से एक दरभंगा लहेरिया सराय इलैक्ट्रिसिटी सप्लाईंग कम्पनी भी है उस नोटिस में उक्त दरभंगा बिजली कम्पनी के संबंध में कहा गया था कि पांच मार्च 1967 तक यह कम्पनी आपको सरकार को दे देनी होंगी । और सही भी है अगर अभी से यह कम्पनियां यह बातें वातारण में फैला रही है कि देखिए डीवैल्यूएशन की वजह से कापर वायर का और और चीजों का दाम इतना आगे बढ़ गया है कि हमें तो काफी दाम मिलना चाहिए । इसके सम्बन्ध में मैं आप को बताऊं कि जिस तरह देशी राज्यों और जमीदारी लेने में आप ने बड़ी तेजी और चुस्ती से काम लिया उसी तरह आप को इन प्राइवेट कम्पनियों के साथ पेश आना होगा नहीं तो फिर बड़ा मुश्किल होगा । यह जो आप का एक बहुत बड़ा प्रोग्राम है कि 1969 की 2 अक्तूबर तक 1 लाख गांवों में बिजली पहुंचाने का यह प्राइवेट कम्पनियां लक्ष्य पूरा नहीं होने देंगी और डीवैल्यूएशन की बात, कापर वायर की बात और अपने महलों की बात वह करेंगे । इस में भी विशेषकर मैनेजिंग डारेक्टर लोग बहुत चतुर और चालाक हैं । उन के विषय में तो काफी बातें पार्लियामेंट में होती रही हैं । किसी ने यह बताया कि यह शेयर होल्डर्स

को पीछे छोड़कर चाहते हैं कि सारे के सारे बिजली कम्पनियों के मालिक बन जायं ।

जो सेकेंड प्राविजो रखा है सिक्स्थ शिड्यूल का उसमें दिया है :

"Provided further that the licensee shall not be deemed to have failed so to adjust his rates if the clear profit in any year of account has not exceeded the amount of reasonable return by fifteen *per centum* of the amount of reasonable return."

इस को शायद विद्युत मंत्री 20 परसेंट करना चाहते हैं । मैं खामकर इसका विरोध करता हूं और कहता हूं कि इन्होंने पचासों साल से कन्ज्यूमर्स का काफी शोषण किया है । गांवों की बात आप को बताऊं तो आप हैरत में रह जायेंगे । मीटर्स में लिखा कुछ रहता है और प्राइवेट एलेक्ट्रिसिटी कम्पनी के लोग लिखते कुछ हैं और बहुत बढ़ाकर चार्ज करते हैं । जब बिजली का बिल पेश किया जाता है और प्रोटेस्ट किया जाता है तो कम्पनी के कर्मचारी कहते हैं कि यह तो गलती हो गई और फिर भी पैसा कभी कभी वापस नहीं करते हैं और करते भी हैं तो उसके साथ इन्टरेस्ट और कई तरह के चार्जेज कभी रिटर्न नहीं करते । मैं सदन को यह बताना चाहता हूं कि नये कृषकों को सिंचाई के लिए बिजली नहीं मिलती । अभी कल परसों हमारे बिहार राज्य के एक बहुत बड़े कृषक नेता पंडित विभूति मिश्र जो इस सदन के माननीय सदस्य हैं वह कह रहे थे कि बार-बार कहने पर भी वह सुनते नहीं, कृषकों को विद्युत नहीं देना चाहते और मजे की बात यह है कि यह प्राइवेट कम्पनियां आपसे "पावर" लेती हैं, आपसे कम दाम पर पावर लेती हैं और दुगुने तिगुने दाम पर बेचती हैं । तो है क्या ? पुराना उनका मकान है, पोल्स हैं, उनकी कौस्ट्स हैं, उनके कुछ पुराने समय के बायर लगे हैं, लेकिन कन्ज्यूमर्स के साथ जो बेहरमी होती है, जो उनका शोषण होता है वह मैं शब्दों में नहीं रख सकता । इसलिए जितनी जल्दी आप यह काम कर सकें, उतनी जल्दी करें । यह बहुत जरूरी है । इतना कह कर मैं इस संशोधन बिल का हार्दिक स्वागत करता हूं और चाहता हूं कि आप ने जो तिथि रखी है 2 अक्तूबर, 1969 का, आप को उस पर डटे रहना चाहिए और प्राइवेट विद्युत कम्पनर्स को नेशनलाइज करना चाहिए । 214 लाइसेंसीज को आप अपने जिम्मे ले लीजिए जिससे कि जो ग्राम्य विद्युतीकरण का लक्ष्य आप ने देश के सामने रखा है कि गान्धी शती तक प्रायः 1 लाख गावों को बिजली देंगे, वह आप दे सकें । तब आप किसानों को देखेंगे कि कृषक किस तरह काम करते है और कितना दुगुना प्रोडक्शन करते हैं । धन्यवाद ।

Shri N. Dandeker (Gonda): Mr. Chairman, there are only three matters of public policy and some importance to which I would like to refer in making general comments on this Bill. Otherwise, I think, on the whole, this is a desirable and necessary measure and, it is not in fact too late. For a long time now this sort of measure should have been brought in to straighten out many things which have become ante diluvian in the existing Act.

The three or four matters of some public importance to which I would like to refer in a critical vein are, in the first place, the proposal in clause 2 to amend section 5 of the principal Act. That Section of the principal Act contains a very healthy provision, because it precludes, in so far as it is possible, political patronage becoming rampant. At present the provision about appointment of politicians on State Electricity Boards is this:

"A person shall be disqualified from being appointed or being a member of the Board if he is, or

[Shri N. Dendekar]

within the twelve months last preceding was, a number of Parliament or of any State Legislature or any local authority."

Now, this is a very necessary and salutary rule, and I am astonished that this is sought to be removed despite all that has been said here and outside over the last several years and, in particular, over the last three years about growing corruption all over the country—sometimes central legislators are accused, on other occasions State legislators are accused, officers are accused, the whole bureaucracy is accused. There is a general continuing accusation of growing corruption in the country; and yet when there is an atmosphere of that kind, it is proposed to remove this disqualification from the appointment of ex-Members of Parliament or ex-Members of local legislatures, namely, that they may not be so appointed until at least twelve months have elapsed from the time they ceased to be Members of Parliament or State legislature. I think, Sir, it is very salutary rule as it stands. I am astonished at the reasons that have been advanced in this Statement of Objects and Reasons which read like this:

"Under the existing provisions of the Act, members of Parliament or of the State Legislatures and members of local authorities have to wait for a period of 12 months.. ....."

In fact, that lets the cat out. It is said that they:

".... have to wait for a period of 12 months after they cease to be such members before becoming eligible for appointment as members of the State Electricity Boards."

It is curious: the reason given for changing this is that they have to wait for 12 months. The Government of India is getting very concerned that these gentlemen have to wait for 12 months before they can be given cushy berths. Coming as it does, a few months before the next general elections, and konwing as we all do that some gentlemen from this House and some gentlemen from various State legislatures are going to be dead wood and not likely to stand for elections again; and that many more, far more than the party in power imagines, are going to be routed at the elections, I find that they are to be provided for to the extent possible by reducing the period of waiting before they can be conferred this patronage, this solace of being appointed as members of State Electricity Boards. I suggest Sir, the proposed amendment to section 5 of the Principal Act is thoroughly bad on grounds of public policy. I have no particular gentleman or person in view when I make this comment, I have only the general good of the country and general public policy in view when I say that this is thoroughly bad and ought never to have been brought. I hope the hon. Minister will after consulting the Prime Minister if necessary, withdraw this particular amendment to the existing Act.

The second topic upon which I would like to comment is the one to which Shri Bade has already referred, namely, the proposal that schemes involving capital expenditure of less than Rs. 25 lakhs need not be published at all and that other schemes involving capital expenditure of less than Rs. 1 crore need only be published once. It is a curious proposition. Every one of these schemes involves—I do not say 'unjustly'— tremendous encroachments upon basic rights, property rights and various other things.....

Mr. Chairman: Is it right to bring it on a par with industrial licensing?

Dr. K. L. Rao: I will explain when I reply to the debate.

Shri N. Dandeker: These schemes, Sir, often involve tremendous interference, let me put it at its lowest,— it may be interference for the good, I am prepared to accept it on that

footing—with public and private right of various secions of the people, of farmers, of existing licensees and various other persons of that kind. Also, they involve publication of the intentions and plans of a scheme, the object being plainly—otherwise there is no point in publishing everything that costs not less than Rs. 25 lakhs or a thing that costs more than Rs. 1 crores of any scheme at all—the object of that publication being that wherever anybody has got any objection, wherever anybody has got any suggestions to make, wherever anyone wants....

श्री हुकम चन्द कछवाय : सभापति महोदय, मैं आपकी व्यवस्था चाहता हूं, इतना अच्छा भाषण हो रहा है, सदन में गणपूर्ति नहीं है ।

Shri N. Dandeker: The only purpose of these publications—otherwise I cannot see why schemes costing over Rs. 1 crore should be published twice, why schemes between Rs. 25 lakhs and Rs. 1 crore need be published once.

Mr. Chairman: The qurum is being challenged. He might resume his seat. The Bell is being rung—Now there is quorum. He might continue his speech.

Shri N. Dandeker: As I was saying, the only conceivable object of publishing these schemes, whether once or twice or at all can only be that peoples suggestions, comments and criticism may be invited, may be considered and a final decision taken, which takes into account all those facts and circumstances. Why should it be necessary to do so only when the scheme is over Rs. 25 lakhs, and then to do it only once and when the scheme is over Rs. 1 crore, then to do it twice whereas if the scheme costs below Rs. 25 lakhs nobody's comments apparently are necessary at all. I am unable to comprehend this on any ground whatsoever. The ground suggested is a most extraordinary one, namely, it is expensive; publication twice, once in a draft form and then, again in the final from is expensive. I am astonished that for schemes costing Rs. 15 lakhs, 20 lakhs or 25 lakhs this little publication expenditure—and I am going to give testimony that it results sometimes in a good deal of worthwhile comment and criticism—the expenditure involved in publishing notice twice over is said to be extraodinarily high, is unbearable to the State Government in the case of projects costing up to Rs. 25 lakhs and that they can only bear the cost of one publication if the project costs between Rs. 25 lakhs and Rs. 1 crore. All this is just utterly ridiculous. I am unable to accept that there is any sense of proportion about this in relation to the scheme, its importance, the necessity to invite public comment, the necessity to invite objections to make the scheme better on the one hand and the cost of publication twice or whatever on the other. The whole thing is certainly lacking in any sense of proportion.

I am putting it at its highest. But let me also put it at its lowest. I have one particular case in mind, because I was personally concerned with having to comment upon a scheme. I will not name the State, nor will I give the name of that particular scheme, but it was a cross-eyed scheme. It just happened that I had occasion to criticise it and, I am glad to say, that the scheme was dropped. It was a small scheme costing Rs. 5 lakhs or so; I do not know; but I do not imagine it would have cast more than Rs. 5 lakhs or Rs. 10 lakhs, but the scheme was bad and it was dropped. Am I to understand that the cost of publication of that scheme in draft form and in its final form when finalised and the comments, foolish as they might have been even though I made them, that the whole exercise was a waste of time? Is it suggested that it is not worth the money, it is not worth the paper to publish these schemes and to invite those comments because none of us is so wonderful

[Shri N. Dendekar]

but the State Electricity Board is so wonderful that any scheme of its cannot possibly be bad or improved upon? I must and that all this does not detract from the merits of the schemes at all. I am not saying that all such schemes are cock-eyed. I am not saying that most of the schemes are not necessary. All I am saying is that they could well be improved upon by inviting comments from people affected by the schemes.

The third point to which I object on grounds of public policy, is concerned with amending the clauses concerning the return on capital in the rule or sub-paragraph in the Schedule— it is so complicated that I have always to search for what is in that particular Schedule—it is the Sixth Schedule, 17th paragraph and sub-paragraph 10. This is what is sought to be amended by clause 21, sub-clause (ix) and sub-sub-clause (4), the definition of "standard return" on capital employed. Quite rightly in a public utility, such as is the generation of electricity and the distribution and supply of electricity, the public utility involves a monopoly in given area and it is an accepted doctrine of public policy all over the world that where, because of the public utility situation, that conferring a monopoly to a particular licensee is involved, it is but right that the State should limit the return on capital employed, that the State should define what is "capital employed" define what is the profit and lay down the limit of that profit. That is fair enough and that is what this particular sub-paragraph (10) of the paragraph XVII of Sixth Schedule does. And the rate of return now prescribed is this, that it shall be no more than 2 per cent over the Bank Rate. Today the Bank Rate is 6 per cent; and so the public utilities in the field of electricity should not expect to get more than 8 per cent as fair return. After that, there is a certain limit upto which some flexibility is allowed; beyond that they must get down to reducing their rates so that the public may get the benefit. That is the structure.

But there is now a most extraordinary proposal here in clause 21(ix) (4) the details of which I will not refer to now, which seeks to perform two extraordinary antics when the situation to be faced is a perfectly straightforward and simple one. The first antic is this. Every electricity company will now have to divide its capital at charge into two parts, one invested up to such and such date, and the other invested thereafter. And why is this curious business of splitting up the capital at charge into these two parts? For this extraordinary reason, that the capital already at charge they intend should get a lower return of only 7 per cent and only the new papital should earn a return of 8 per cent. They intend to reduce the present return of 8 per cent to 7 per cent and only capital at charge that comes in after a particular D date will get a return, as before, of 6 plus 2, that is, 8 per cent.

Is the Minister in charge of this subject living completely divorced from current economic circumstances. Has he not read the Eonomic Survey? Has he not read the Finance Minister's speech on devaluation? Has he not read the recent Supplement to the Economic Survey? Has he not known that for the last two or three years the capital market has been so dull that even at 7 per cent or 8 per cent for Debentures and even at 10 per cent for perference capital, it is difficult to get capital coming in? And what does he want to do? He wants to go comletely against the policy of the Finance Minister, the policy of the Government of India as a whole, the basic reason for devaluation, at any rate one of the basic reasons, namely to revive equity market. He wants to reduce the return on capital already invested to 7 per cent.

Today I can put in Rs. 100 or Rs. 1,000 or whatever amount I wish in the Unit Trust of India and get 7 per cent and take no risk whatsoever. The last dividend declared by the Unit Trust is 7 per cent. I can put in Rs. 15,000 today at 7 per cent, and get just a little over Rs. 1,000 by way of return I get safe investment, on which I get 7 percent and Rs. 1,000 of that return is totally excluded from my total income for purposes of taxation. Am I to believe that this Minister really wants expansion of the industry, that he wants rehabilitation, modernisation and development? What does he want?

14 hrs.

If he really wants those things, is this the kind of rate of return that he is thinking of as realistic? On grounds of public policy, Sir, on grounds of policy announced by Government themselves, on grounds such as those which the Government have themselves been urging—there is a statement in the *Economic Survey* which I will read out when I come to the clauses, where it says that savings are going down; in particular, that people are more and more being attracted by fixed interest investments than risk capital,—how can one support the proposal which the Minister makes here, that is going to cause the deathknell of any risk capital coming in here when fixed interest returns like those of the Unit Trust and on five-year deposits are going to fetch 7 per cent, 7-1|2 per cent and 8 per cent?

These are the three major policy comments I would like to make on this Bill. I will go into the details when the time comes for clase-by-clause consideration.

श्री विभूति मिश्र : सभापति महोदय, मैं अपने मन्त्री जी से कहूंगा कि वह इस बिल को वापस ले लें क्योंकि इस बिल से किसानों का कोई फायदा नहीं है । जब तक इस बिल में यह बात नहीं आती कि सारे देश में बिजली का एक रेट रहेगा तब तक इससे किसानों का कोई भला होने वाला नहीं है । इस बिल के क्लाज 11 में कहते हैं कि :

"In fixing the uniform tariffs, the Board shall have regard to all or any of the following factors, namely:—

(a) The nature of the supply and the purposes for which it is reqired;"

इसी के पार्ट (बी) में कहते हैं कि :

"the co-ordinated development of the supply and distribution of electricity within the State in the most efficient and economical manner, with particular reference to such development in areas not for the time being served or adequately served by the licensee;"

मैं यह बतलाना चाहता हूं कि इस बिल में कहीं भी इसका जिक्र नहीं है कि जो एलैक्ट्रिसिटी देश में पैदा होगी उसका कितने परसेन्ट देश के खेतिहरों को देंगे, कितने परसेन्ट रोजगार को देंगे, कितने परसेन्ट शहरों में जो लोग मौज करते हैं उनको देंगे, कितने परसेन्ट एअर कंडिशनिंग के लिये देंगे और कितने परसेन्ट फूड प्रिजर्वेशन के लिये देंगे । इसके माने यह हैं कि किसानों को जो बिजली मिलनी चाहिये वह उसकी आवश्यकता के के अनुसार नहीं मिलेगी । मैं चाहता हूं कि अगर किसानों के प्रति सरकार की ईमानदारी है तो इस बिल को वापस लिया जाये और दूसरा बिल लाया जाये ताकि किसानों को आज जो तकलीफ है उसको दूर करने वाली चीजों को उस बिल में जगह मिल सके ।

रेट्स के बारे में डा० राव ने अपनी स्पीच में कहा कि वह बेचारे चाहते तो थे कि सारे देश में एक रेट हो लेकिन चूंकि एक ग्रिड सिस्टम नहीं है इस लिये वह ऐसा नहीं कर सके । मैं कहना चाहता हूं कि अगर सारे देश के लिये एक ग्रिड सिस्टम नहीं है तो आप सबसिडी का सिस्टम रखिये । जिस स्टेट में

[श्री विभूति मिश्र]

में चार्जेज ज्यादा हों वहां पर सेंट्रल गवर्नमेंट सब्सिडाइज करे । आज सेंट्रल गवर्नमेंट गेहूं को सब्सिडाइज करती है क्योंकि खाने पीने की दिक्कत है, और चीजों के लिये भी वह सब्सिडी देती है, बड़े बड़े कारखानों को सब्सिडी देती है, हमें याद है कि टाटा तो सेंट्रल गवर्नमेंट ने सब्सिडी दी जब वह घाटे में जा रहे थे, लेकिन किसानों को कुछ भी देने के लिये आज वह तैयार नहीं है । आज कारखानों के लिये जो बिजली दी जाती है उसके रेट कम हैं, लेकिन किसानों को, जो कि बिजली से पानी पैदा करता है और पानी पैदा करके खेती पैदा करता है और अनाज सरकार को देता है उसके लिये सरकार कुछ भी करने के लिये तैयार नहीं है ।

दूसरी बात यह है कि इस बिल के आब्जेक्ट्स ऐण्ड रीजन्स में इस बात का जिक्र किया गया है कि बम्बई हाईकोर्ट ने कहा कि चूंकि बम्बई एक कंम्पैक्ट एरिया है और दूसरी जगहों पर बिजली का खर्च ज्यादा बैठता है इस लिये बम्बई में बिजली का रेट ज्यादा नहीं होना चाहिये । सभापति महोदय, जहां पर आप बैठे हुए हैं उसके ऊपर लिखा हुआ है "धर्मचक्र प्रवर्तनाय" अर्थात् इस देश में धर्म का चक्र चल रहा है, दूसरे हमारे संविधान में लिखा हुआ है : "**सोशल जस्टिस, इक्वेलिटी और फ्रेटर्निटी** ।" मैं पूछना चाहता हूं कि यह कहां तक उचित है कि चूंकि बम्बई में कंसेंट्रेशन आफ पापुलेशन है, वहां पर बिजली का रेट सस्ता होगा, इसलिये उन को तो सस्ती दर पर बिजली मिलेगी लेकिन गांव गांव में किसान बसे हुए हैं, जो कि खेती बाड़ी के एरिया में रहते हैं इसलिये उनको बिजली महंगी मिलेगी । आप कहते हैं कि बम्बई हाईकोर्ट का फैसला हो गया इस लिये हमारे डा० के० एल० राव घबरा गये । आब्जेक्ट्स एण्ड रीजन्स में जो कुछ दिया हुआ है उसके बारे में मैं पूछना चाहता हूं कि अगर बम्बई हाईकोर्ट का फैसला हो गया था तो तो क्या सुप्रीम कोर्ट नहीं था, वहां आप को आना चाहिये था । सुप्रीम कोर्ट वाले कम्पिटेंट अथारिटी हैं संविधान की परिभाषा के लिये, वह आप को संविधान की सही बात बतलाते । लेकिन आप सुप्रीम कोर्ट में मामले को नहीं लाये । आपने बम्बई हाईकोर्ट की तय की हुई बात को मान लिया हालांकि हमारे संविधान में लिखा हुआ है कि सब के साथ जस्टिस होगी । आज बम्बई में ज्यादा लोग रहते हैं इसलिये आप कहते हैं कि उनके साथ जस्टिस होनी चाहिये । लेकिन मैं कहना चाहता हूं कि जिस रेट से बम्बई आगे पहुंचा है सैकड़ों वर्ष के बाद भी गांव वाले उस स्थिति में नहीं पहुंच सकते हैं । आज सब जगह पर सारी पार्टियां वोट्स के लिये गांवों की ओर जा रही हैं, बम्बई के भी बड़े बड़े कार्यकर्ता गांवों की ओर जा रहे हैं, हमारी पार्टी भी सोचती है कि आज वह गांवों की तरफ जायें । आज कलकत्ते के बड़े बड़े नेता, बम्बई के बड़े नेता कहते हैं कि हर पार्टी के जिन्दा रहने के लिये जरूरी है कि वह गांवों की ओर चलें क्योंकि गांवों में वोट्स ज्यादा होते हैं, लेकिन जब बिजली देने का सवाल आता है तो वही लोग निर्णय करते हैं कि शहरों को सस्ते रेट पर बिजली मिले । बम्बई हाईकोर्ट का हवाला देकर यह बिल अपने आब्जेक्ट्स ऐण्ड रीजन्स में यह लिख देता है । ऐसा नहीं होना चाहिये । अगर सुप्रीम कोर्ट में यह फैसला होता तो न्याय का फैसला होता और गवर्नमेंट भी सोचती लेकिन गवर्नमेंट ने इस पर कुछ सोचना नहीं सिर्फ बम्बई हाईकोर्ट का हवाला भर कर दिया ।

हिन्दुस्तान में कुछ ऐसी एरियाज़ हैं जहां बिजली की अधिक सुविधा है खेतिहरों के लिये और कुछ ऐसे एरियाज भी हैं जहां बिजली की सुविधा नहीं है । इसमें यह कहीं नहीं लिखा है कि जो एरिया पिछड़े हुए हैं जहां पर कि अभी बिजली नहीं है, उनको बिजली दी जायेगी । अगर उनको बिजली

नहीं दी गई तो अच्छे तगड़े लोग होते हुए भी वे लोग पीछे रह जायेंगे । आपने देखा होगा कि अगर घर में कोई बीमार हो जाता है तो उसका ज्यादा ख्याल किया जाता है, खाने पीने की सहूलियत भी उस को ज्यादा दी जाती है, लेकिन जो घर में मोटे तगड़े रहते हैं उनका ख्याल जरा कम किया जाता है । मगर हम अपने देश में देख रहे हैं कि बिजली के मामले में जो मोटे तगड़े थे वह मोटे तगड़े होते चले गये और जो पतले थे वह पतले ही होते चले गये । इस बिल में इस चीज को ठीक करने के लिये कोई गुंजाइश नहीं है ।

सभापति महोदय : पहलवानों को ज्यादा खिलाया जाता है ।

श्री विभूति मिश्र : पहलवानों को ज्यादा खिलाया जाता है बाजी मारने के लिये ताकि वह पैसा कमा करके सब को दें । लेकिन आज हमारे देश में जो पैसा कमाते हैं उनको कौन देता है । आज देश में किसी जगह बिजली का रेट 6 पैसा है, कहीं पर 7 पैसा है और कहीं पर 8 पैसा है लेकिन अगर आप बिहार में चल कर देखें तो दक्षिण बिहार में उसका रेट 18 पैसा है और उत्तर बिहार में 22 पैसे से लेकर 28 पैसे प्रति यूनिट तक है । पूर्वी उत्तर प्रदेश भी हम से मिलता जुलता है । लेकिन इस बिल में कहीं भी इसकी चर्चा नहीं है कि बिजली की सप्लाई के मामले में सारे देश के साथ एक सा बर्ताव किया जायेगा । इसलिये मैं समझता हूं कि यह बिल किसी भी काम का नहीं है और सरकार को चाहिये कि वह इसको वापस ले ले ।

इसके अलावा स्कीम्स के बारे में कहा गया है कि बोर्ड जो है वह कैसला करे, लेकिन बोर्ड का कांस्टिट्यूशन कैसे होगा इसका कहीं पता नहीं है । क्लाज 6 में में लिखा है कि ऐक्ट के सैक्शन 29 में यह लिख दिया जाये :

"A scheme prepared for any area under section 28 may, subject to the provisions of this section, be sanctioned by the Board either generally or in respect of any part of the area and where a scheme has been sanctioned in respect of part of the area, it may subsequently be sanctioned in respect of other parts of that area."

मैंने स्टेट्स में भी देखा है कि बिजली उन्हीं लोगों को मिलती है जो कि स्टेट गवर्नमेंट्स में रहते हैं और जिनकी थोड़ी बहुत चलती है । यह कहीं नहीं लिखा हुआ है कि गरीब किसान को भी बिजली मिल । आपने अब सीलिंग कर दी है । आप सोच सकते हैं कि देहातों में ऐसे लोग हैं जिनके पास एक एकड़ की जोत है, दो एकड़ की जोत है या चार एकड़ की जोत है । उन आदमियों को सुबह से शाम तक खाने पीने की भी फुर्सत नहीं है । जिस को अपने काम धन्धे से ही फुर्सत नहीं है वह कैसे किसी को अपनी स्कीम देने के लिये जायेगा । यह लोग तो ऐसे आदमी हैं जो कलेक्टर से जल्दी मुलाकात भी नहीं कर सकते । इसलिये स्कीम रक्खे जाने के बजाय यह जरूरी है कि सरकार ऐसी एरिया में बिजली लगाये जहां पर बिजली नहीं है । वहां पर बगैर किसी से पूछे हुए ही उसको लगाना चाहिये बजाय इसके कि जहां पर बिजली है वहां पर उसको ले जाये । सेक्शन 29 के (ए) भाग में यह एक बड़ी भारी खामी है । इसलिये मैं चाहता हूं कि हमारे मन्त्री महोदय इसकी तरफ ध्यान दें । यह पानी के महकमे का हाल जानने वाले भी हैं और इर्रीगेशन को भी जानते हैं । बिजली से भी इर्रिगेशन होता है इसको भी वे जानते हैं । इसलिये उन को इसके ऊपर विशेष ध्यान देना चाहिये । प्राइवेट कम्पनियां 214 हैं । उनमें शायद 120 करोड़ रुपये की पूंजी लगी हुई है । ये कम्पनियां बहुत धांधली मचाती हैं । आपके सरकारी डिपार्टमेंट भी बहुत धांधली मचाते हैं । अगर एक बिल का पेमेंट कर दिया गया होता है तो दूसरे बिल में भी उसको शामिल कर दिया जाता है । और दुबारा उसका पेमेंट ले लिया जाता है । बरौनी से बिजली

[श्री विभूति मिश्र]

जाती है। वहां पर भी मैंने देखा है कि बिजली के एक बिल का पेमेंट कर दिया जाता है तो फिर से उस को चार्ज कर लेते हैं। मैं समझता हूं कि ऐसी व्यवस्था होनी चाहिये कि बिजली महकमा किसी के साथ इस तरह का अन्याय करता है तो जब वह पैसा उसको वापिस करे तो सूद सहित उसको वापिस करे। लेकिन यहां हम देखते हैं कि उसको कोई पनिशमेंट ही नहीं है। जो व्यापार चलाता है और जो धांधली करता है उसके लिए तो पनिशमेंट है लेकिन इन कंपनियों के लिए कोई पनिशमेंट नहीं है। इनके लिए भी कुछ दण्ड की व्यवस्था होनी चाहिए। अगर हम किसी से अन्याय करके उससे पैसा ले लें तो उसको रिफण्ड करने की, सूद सहित, व्यवस्था होनी चाहिये। बहुत आदमी है जोकि बिजली महकमे से परेशान हैं। दिल्ली से एक साहब गए थे मोतीहारी। वह सैंट्रल गवर्नमेंट के आदमी थे। उन्होंने वहां पर लोगों की एक मीटिंग में कहा था कि बिजली के महकमे से हम भी परेशान हैं। यह बात उन्होंने पब्लिक में कही थी। जब आप भी समझते हैं कि इस तरह की बात है तो आपको इसमें सुधार लाने की कोशिश करनी चाहिये। जब एक बार कानन बन जाता है तो अगर हम किसी बात को कहते हैं तो लोग कहते हैं कि कानून आपने ऐसा बना दिया है कि कुछ नहीं हो सकता है और हम उसका कोई जवाब नहीं दे पाते हैं। मैं समझता हूं कि कानून आपको ऐसा बनाना चाहिये कि उस में इस तरह की चीजों की गुंजाइश रहे, उपभोक्ताओं की जो तकलीफें हैं उनका निवारण हो सके। जो लोगों की तकलीफें हैं उनको दूर कर लोगों को सैटिसफाई किया जाना चाहिये।

मैंने देखा है कि कारखानेदारों को बिजली की जरूरत होती है या पानी की जरूरत होती है तो पहले उनको मिल जाता है और काश्तकारों को नहीं मिलता है। सरकारी जो महकमें हैं ये कारखानेदारों को बहुत जल्दी सहूलियतें दे देते हैं, काश्तकारों को नहीं देते हैं। किसानों में जो छोटे किसान होते हैं उनको इसलिए नहीं मिल पाती है कि उनकी पहुंच नहीं होती है, आधी धोती वे पहने रहते हैं नंगे शरीर रहते हैं, उनके पावों में जूते नहीं होते हैं, उनके पास छाता नहीं होता है। वे पहुंच नहीं पाते हैं सरकारी महकमों में जबकि जो कारखानेदार होते हैं उसके पास मोटर होती है और वह धड़ाक से पहुंच जाता है और उसका काम हो जाता है। अगर सरकार चाहती है कि इस बिल को किसानों के हित में बनाया जाए तो जरूरत इस बात की है कि देखा जाए कि किस तरह से किसानों का हित हो सकता है। हमारे इकोनोमिक का जो हालत है उसको हम देख चुके हैं। वह बहुत बिगड़ी हुई है। अगले साल के लिए अंदाजा लगाया गया है कि अठारह मिलियन टन की शार्टेज होगी। अगर वर्षा ठीक हो गई तो हो सकता है कि कम शार्टेज हो। लेकिन आज यह अन्दाजा है कि अठारह मिलियन टन की शार्टेज होगी। मैं चाहता हूं कि सरकार यह निश्चित कर दे कि किसान को इतनी बिजली मिलेगी और इसका वह बटवारा कर दे। उसका रेट क्या होगा इसको भी वह निश्चित कर दे। सारे हिन्दुस्तान भर में एक ही रेट होना चाहिये। मंत्री महोदय ने कहा है कि यह मुश्किल है। मैं कहना चाहता हूं कि अगर एक रेट होना मुश्किल है तो सरकार उसको सबसिडाइज करे और सस्ते रेट पर किसानों को बिजली दे।

Shri Priya Gupta (Katihar): The Minister of State in the Ministry of Irrigation and Power has brought forward this Bill before the House. He is an Engineer and I am very proud that he is taking full interest in the works attached to the Ministry. But I expected from him that in the context of the discussion in the House and in the context of the assurances given outside, this Bill should have been a bit more comprehensive, accommodating the question of common grid, the question of rate of electricity itself and the

question of premium assured to the villagers in the shape of subsidised amounts, in the shape of less rates, for the purpose of electrification and for running electrically driven tubewells for watering paddy fields over there. All these things should have also been incorporated in this Bill.

